# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 17.10.2024 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",दैनिक जागरण, अमर उजाला, हिन्दुस्तान, राष्ट्रीय सहारा, न्यायाधीश, ज्ञानशिखा टाइम्स," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।

### दैनिक जागरण–दि0 17.10.2024

# 6,611 करोड़ की परियोजनाओं का होगा लोकार्पण-शिलान्यास

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 20 अक्टूबर को आएंगे काशी, तैयारी को अंतिम रूप देने में जुटा जिला प्रशासन

जागरण संवाददाता, वाराणसी : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 20 अक्टूबर को अपने संसदीय क्षेत्र काशी आ रहे हैं। इसमें पीएम वाराणसी समेत देश से जुड़ी 6611.18 करोड़ की 23 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे। परियोजनाओं के सत्यापन के बाद पीएमओ की ओर से सूची स्थानांतरित कर दी गई है।

प्रधानमंत्री अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी से जुड़े आरजे शंकर नेत्र चिकित्सालय, सिगरा स्टेडियम समेत 380.13 करोड़ की लागत से तैयार 14 परियोजनाएं जनता के हवाले करेंगे। वहीं 2870 करोड़ की लागत से लाल बहादुर शास्त्री एयरपोर्ट के विस्तारीकरण में शामिल नए टर्मिनल भवन समेत अन्य कार्य व 4.17 करोड़ की लागत से कस्तूरबा गांधी विद्यालय, आराजीलाइन में एकेडमिक ब्लाक व गर्ल्स हास्टल निर्माण की नींव भी रखेंगे।

लोकार्पण सूची में वाराणसी के अलावा 91 करोड़ की लागत से तैयार रीवा एयरपोर्ट का नया टर्मिनल भवन, 80.32 करोड़ की लागत से तैयार अंबिकापुर का मां महामाया एयरपोर्ट का नया टर्मिनल, 54.56 करोड़ की लागत से तैयार सरसावा एयरपोर्ट में नए सिविल इन्क्लेव शामिल है। इसके साथ 1550 करोड़ की लागत से बनने वाले बागडोगरा एयरपोर्ट में नए सिविल इन्क्लेव, 912 करोड़ से दरभंगा एयरपोर्ट में नए सिविल इन्क्लेव और 579 करोड़ से आगरा एयरपोर्ट पर नए सिविल इन्क्लेव के निर्माण का शिलान्यास करेंगे।

**2870** करोड़ की लागत से लाल बहादुर शास्त्री एयरपोर्ट का होगा विस्तारीकरण

- रीवा, अंबिकापुर एयरपोर्ट पर नया टर्मिनल, सरसावा को मिलेगा सिविल इन्क्लेव
- बागडोगरा समेत आगरा, दरभंगा व बागडोगरा एयरपोर्ट के सिविल एन्क्लेव की रखेंगे नींव
- काशी को मिलेगा सिगरा स्टेडियम सीपेट हास्टल, हाइटेक लैब समेत 380 करोड़ की 15 परियोजनाएं



गुरुधाम कालोनी में पर्यटकों के लिए किए गए कार्य • जागरण



आईटीआई करौंदी में हाई टेक लैब का हुआ निर्माण • जागरण



ककरमत्ता फ्लाईओवर के नीचे बना एक्टिविटी जोन • जागरण



रोहनिया के नरउर में स्थित बाबा बाणासुर मंदिर में चल रहा निर्माण कार्य • जागरण

### शिलान्यास की सूची में शामिल परियोजनाएं

- लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का विस्तारीकरण, नए टर्मिनल का निर्माण-2870 करोड़
- कस्तूरबा गांधी विद्यालय आराजीलाइन में एकेडमिक ब्लाक व गर्ल्स हास्टल का निर्माण -4.17 करोड़



करसड़ा में निर्माणाधीन सिपेट हास्टल • जागरण



करसड़ा स्थित सिपेट परिसर में कालेज के पीछे बना प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र • जागरण

### वाराणसी की लोकार्पित होने वाली परियोजनाएं

- आरजे शंकर नेत्र चिकित्सालय का निर्माण - 90 करोड़
- वाराणसी स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स सिगरा का पुनर्विकास- 216.29 करोड़
- सारनाथ में श्री पुरा क्षेत्र के पुनर्विकास कार्य- 90.20 करोड़
- सीपेट परिसर करसड़ा में छात्रावास का निर्माण- 13.78 करोड़
- लालपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में 100 बेड क्षमता का छात्रावास व पवेलियन- 12.99 करोड़
- नगरीय क्षेत्र में 20 पार्कों का सुंदरीकरण व पुनर्विकास कार्य- 7.85 करोड़
- महिला आईटीआई चौकाघाट व आईटीआई करौंदी में हाईटेक लैब का निर्माण-7.08 करोड़
- सेंट्रल जेल में बैरकों का निर्माण - 6.67 करोड़
- सीपेट परिसर करसड़ा में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र का निर्माण- 6.00 करोड़
- बाणासुर मंदिर एवं गुरुधाम मंदिर में पर्यटन संबंधी विकास कार्य-6.02 करोड़
- सेंट्रल जेल में 48 कर्मचारियों के आवास का निर्माण -5.16 करोड़
- टाउन हाल शापिंग काम्प्लेक्स का निर्माण -2.51 करोड़
- पीएवसी भरथरा में आवासीय भवनों का निर्माण -2.16 करोड़
- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिरईगांव का निर्माण-1.93 करोड़
- ककरमत्ता फ्लाईओवर के नीचे एक्टिविटी जोन एवं पार्किंग निर्माण -1.49 करोड़ ।

### प्रधानमंत्री के आगमन को देखते मंत्रियों ने की बैठक, साफ-सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था पर दिया बल

जागरण संवाददाता, वाराणसी : स्टाम्प एवं न्यायालय पंजीयन शुल्क राज्य मंत्री रवींद्र जायसवाल एवं आयुष एवं खाद्य सुरक्षा राज्यमंत्री डा. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने बुधवार को सर्किट हाउस में अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रधानमंत्री के वाराणसी दौरे के दौरान अब तक की तैयारी की समीक्षा की। मंत्रीद्वय ने विशेष रूप से जोर देते हुए कहा कि पूरे शहर में साफ-सफाई एवं प्रकाश की व्यवस्था के साथ ही साथ सुरक्षा के चाक चौबंद व्यवस्था सुनिश्चित हो। आम जनमानस के लिए सुगम यातायात व्यवस्था के लिए पुख्ता ट्रैफिक प्लान बना लिया जाए। मंत्री रवींद्र जायसवाल ने कार्यक्रम स्थल एवं उसके आसपास के मार्गों को भी चेक कर आवश्यकता अनुसार मरम्मत कराए जाने का निर्देश दिया। बैठक में कमिश्नर कौशल राज शर्मा, पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल, जिलाधिकारी एस. राजलिंगम, सीडीओ हिमांशु नागपाल समेत अन्य अधिकारी रहे।

## अमर उजाला–दि0 17.10.2024

### विधायकों ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण

**वाराणसी।** वीडीए की अवस्थापना निधि से स्वीकृत कबीर नगर में जेआरएस कोचिंग के पीछे बने पार्क के सुंदरीकरण कार्य का लोकार्पण मंगलवार को विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी ने किया। केएस इंटरप्राइजेज ने 22 लाख से पाथवे, खेल और ओपन जिम उपकरण, सोलर लाइट्स, सबमर्सिबल पंप, बेंचिंग का कार्य कराया है। उधर माँ लक्ष्मी नगर कंचनपुर बीएलडब्ल्यू मार्ग लेन-03 में विधायक सुनील पटेल और एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा ने सड़क निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। तुलसीपुर वार्ड में 8.92 लाख की लागत से बनी इंटरलॉकिंग का बुधवार को कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने लोकार्पण किया। शिलापट्ट का अनावरण पूर्व पार्षद अशोक सोनकर ने किया। वहीं, विधायक ने पीएम के संसदीय कार्यालय गुरुधाम में जनसुनवाई की। साथ ही निस्ताकरण के निर्देश दिए। ब्यूरो

## अमर उजाला–दि0 17.10.2024

### एसोसिएट इंजीनियर और चपरासी से मांगा स्पष्टीकरण

**वाराणसी।** वीडीए के अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा ने बुधवार को वीडीए में शमन मानचित्रों की समीक्षा की। प्रवर्तन कार्य में शिथिलता बरतने पर शिवम श्रीवास्तव, एसोसिएट इंजीनियर (आउटसोर्सिंग) एवं केके पांडेय, चपरासी से स्पष्टीकरण मांगा। समीक्षा में पाया कि शिवपुर सिकरौल वार्ड में 45 बकायेदारों पर 1.89 करोड़ बकाया है। सारनाथ, जैतपुरा, आदमपुर में 83 बकायेदारों पर 4.21 करोड़ बकाया है। ब्यूरो

## अमर उजाला–दि0 17.10.2024

### सील निर्माण स्थल पर दोबारा कार्य कराने पर मुकदमा

**वाराणसी।** सारनाथ क्षेत्र में सील अनधिकृत निर्माण स्थल पर जबरन काम कराने के मामले में वीडीए के अवर अभियंता ने दो नामजद के खिलाफ लालपुर-पांडेयपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। अवर अभियंता जेपी गुप्ता ने बताया कि अवैध रूप से भू-तल पर शटरिंग निर्माण कार्य किया जा रहा था। नगर निगम ने इसे अवैध घोषित कर आशुतोष सोनकर व अखिलेश सोनकर को नोटिस जारी किया था। बावजूद निर्माण कार्य हो रहा थी। वीडीए सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्र ने बताया कि रामनगर के खजूरगांव मुगलसराय और शिवपुर वार्ड के जमालपुर में प्लॉटिंग ध्वस्त कराई। ब्यूरो

## अमर उजाला–दि0 17.10.2024

### दो जोनल अधिकारियों को दी चेतावनी

**वाराणसी।** वीडीए सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा ने बुधवार को वीडीए में आईजीआरएस की समीक्षा की। सर्वाधिक निगेटिव फीडबैक वाले मामले में दशाश्वमेध वार्ड के जोनल अधिकारी सौरभ देव और भेलूपुर के जोनल अधिकारी प्रमोद कुमार तिवारी को चेतावनी दी। उन्होंने कहा, रिपोर्ट के साथ स्थलीय निरीक्षण का फोटोग्राफ भी पोर्टल पर अपलोड कराएं। किसी भी दशा में कोई प्रकरण डिफॉल्ट की श्रेणी में न जाए। ब्यूरो

हिन्दुस्तान –दि0 17.10.2024

## विकास प्राधिकरण ने दो लोगों के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

वाराणसी। पूर्व में सील किए गए निर्माण कार्य को पुनः कराने पर वीडीए ने बुधवार को दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। अवर अभियंता जेपी गुप्ता की ओर से यह कार्रवाई की गई है। लालपुर पांडेयपुर थाने की पुलिस ने बताया कि छोटा लालपुर में अवैध रूप से भू-तल पर शटरिंग कर निर्माण कार्य किया जा रहा था। इसे पूर्व में अवैध घोषित कर नोटिस जारी किया गया था। इसके बावजूद जब कार्य बंद नहीं किया गया, तो 24 सितंबर निर्माण स्थल सील कर दिया गया था। सूचना मिली कि वहां फिर से निर्माण चल रहा है। इस पर आशुतोष कुमार सोनकर और अखिलेश कुमार सोनकर पर केस दर्ज कराया गया।

हिन्दुस्तान –दि0 17.10.2024

## एई, परिचारक से स्पष्टीकरण मांगा

वाराणसी। वाराणसी विकास प्राधिकरण के सभागार में बुधवार को बैठक हुई। इसमें अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा ने जोन-1 एवं जोन-2 की समीक्षा की गयी। प्रवर्तन संबंधित सौंपे गये कार्यों के प्रति शिथिलता बरतने पर आउटसोर्सिंग पर तैनात एई शिवम श्रीवास्तव और चपरासी केके पाण्डेय स्पष्टीकरण तलब किया गया है। जोन-1 के वार्ड शिवपुर, सिकरौल एवं विन्यास में विगत एक सप्ताह में शमन शुल्क के मद में कुल धनराशि 2,50,000 जमा कराया गया है, परन्तु अभी भी 45 बकायेदारों के सापेक्ष 1,86,95,493.00 बकाया है।

हिन्दुस्तान–दि0 17.10.2024

## ध्वस्त कराई गई आठ बीघा में अवैध प्लाटिंग

वाराणसी। वाराणसी विकास प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम ने बुधवार को आठ बीघा में हुई अवैध प्लाटिंग ध्वस्त कर दी। इस मौके पर जोनल अधिकारी प्रकाश कुमार, अवर अभियन्ता पीएन दुबे और प्रवर्तन दल के अधिकारी उपस्थित थे।

हिन्दुस्तान–दि0 17.10.2024

## जोनल अधिकारियों को मिली चेतावनी

वाराणसी। वीडीए सचिव की अध्यक्षता में बुधवार को हुई बैठक में आईजीआरएस पर आने वाली शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि सर्वाधिक निगेटिव फीडबैक वाले प्रकरण जोन-3 एवं जोन-4 के पाये गये हैं। जोनल अधिकारी सौरभ देव एवं प्रमोद कुमार तिवारी को चेतावनी दी गयी। निर्देश दिया गया कि शिकायतकर्ता से वार्ता भी की जाय एवं रिपोर्ट के साथ स्थलीय निरीक्षण का फोटोग्राफ भी पोर्टल पर अपलोड कराया जाय।

राष्ट्रीय सहारा–दि0 17.10.2024

## विधायक व एमएलसी ने विकास कार्यों का किया लोकार्पण

**वाराणसी।** विकास प्राधिकरण की अवस्थापना मद से स्वीकृत कबीर नगर में स्थित पार्क के सौंदर्यीकरण जिसमें पाथवे, खेल व ओपन जिम संबंधी उपकरण, सोलर लाइट्स , सबमर्सिबल पम्प, बेंचिंग का कार्य केएस इंटरप्राइजेज द्वारा कराया गया है। इस कार्य की कुल लागत 22 लाख है जिसका लोकार्पण शहर दक्षिणी विधायक नीलकंठ तिवारी की तरफ से किया गया। इसी प्रकार मां लक्ष्मी नगर कंचनपुर बीएलडब्लयू मार्ग लेन-03 में सड़क निर्माण जिसमें केसी ड्रेन तथा इंटरलॉकिंग का कार्य पीके इंटर प्राइजेज द्वारा कराया गया, जिसकी कुल लागत 26 लाख है का लोकार्पण विधायक रोहनिया सुनिल पटेल एवं एमएलसी हंशराज विश्वकर्मी द्वारा किया गया।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## राष्ट्रीय सहारा—दि0 17.10.2024

### वीडीए ने 13 बीघा अवैध प्लाटिंग को किया ध्वस्त

**वाराणसी।** विकास प्राधिकरण, जोन-1 की प्रवर्तन टीम ने बुधवार को 05 बीघा में अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की। शिवपुर वार्ड के मौजा-जमालपुर के अन्तर्गत अज्ञात प्लाटिंगकर्ता द्वारा लगभग 05 बीघा में अवैध प्लाटिंग विकसित की जा रही थी। उपरोक्त स्थल पर किये गये अवैध प्लॉटिंग को प्रवर्तन टीम एवं पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्त किया गया। इसी प्रकार दूसरी तरफ विकास प्राधिकरण, जोन-5 की प्रवर्तन टीम द्वारा 08 बीघा में अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। रामनगर वार्ड के अन्तर्गत अज्ञात प्लाटिंगकर्ता द्वारा मौजा-खजूरगांव, थाना-अलीनगर, जिला-चंदौली में लगभग 08 बीघा में अवैध प्लाटिंग विकसित की जा रही थी। उपरोक्त स्थल पर किये गये अवैध प्लॉटिंग को प्रवर्तन टीम एवं पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्त किया गया।

### आईजीआरएस पर मिल रही शिकायतों को गंभीरता से और समय पर करें निस्तारण : सचिव

**वाराणसी।** वीडीए सचिव की अध्यक्षता में आईजीआरएस की एक बैठक की गयी। उक्त बैठक में आईजीआरएस (समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली) पोर्टल पर प्राप्त होने वाली सभी जन शिकायतों के समयवद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सभी अनुभागाध्यक्ष एवं जोनल अधिकारी को निर्देशित किया गया है। समीक्षा में सर्वाधिक निगेटिव फीडवैक वाले



प्रकरण जोन-3 एवं जोन-4 के पाये गये उसके लिए संबंधित जोनल अधिकारी, सौरभ देव एवं प्रमोद कुमार तिवारी को चेतावनी दी गयी। निर्देश दिया गया कि शिकायतकर्ता से वार्ता भी की जाय एवं रिपोर्ट के साथ स्थलीय निरीक्षण का फोटोग्राफ भी पोर्टल पर अपलोड कराया जाय। किसी भी दशा में कोई प्रकरण डिफाल्टर श्रेणी में न जाय, इसके लिए समयबद्ध शिकायत निस्तारण के लिए सभी अनुभागाध्यक्ष एवं जोनल अधिकारी को सचेत किया गया। बैठक के दौरान संयुक्त सचिव, परमानन्द यादव, जोनल अधिकारी, जोन-1, सिंह गौरव जयप्रकाश, जोन-2 संजीव कुमार; जोन-3 सौरभ देव प्रजापति, जोन-4 प्रमोद तिवारी, जोन-5 श्रीप्रकाश कुमार, नायब तहसीलदार, राजीव जायसवाल एवं जोन के अवर अभियन्तागण उपस्थित रहें।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## राष्ट्रीय सहारा–दि0 17.10.2024

### अपर सचिव ने लंबित शमन मानचित्रों की समीक्षा की

वाराणसी (एसएनबी)। विकास प्राधिकरण में अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा ने जोन-1 एवं जोन-2 की समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक के दौरान लंबित शमन मानचित्रों की समीक्षा करते हुए शीघ्र मानचित्र निस्तारण के लिए निर्देश दिया गया।

स्वीकृत शमन पत्रावली के सापेक्ष बकाया शमन शुल्क जमा न करने वाले निर्माणकर्ताओं के विरूद्ध विधिक कार्यवाही करने के भी जोनल अधिकारी को निर्देश दिया गया। सील प्रकरणों की जांच एवं बेसमेण्ट खाली कराते हुए पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया है। जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए निर्देश दिया गया है एवं सचेत किया गया कि विलंबतम 01 सप्ताह में जनशिकायतों का प्राथमिकता पर शिकायत सुनिश्चित किया जाय। शहर में हो रहे अनियोजित विकास एवं अवैध प्लाटिंग का चिन्हांकन करते हुए नियमानुसार प्रभावी कार्यवाही/ ध्वस्तीकरण सुनिश्चित कराने के लिए निर्देश दिया गया है। इस संबंध में प्रवर्तन संबंधी सौपे गये कार्यो के प्रति शिथिलता बरतने पर शिवम श्रीवास्तव, एसोसिएट इंजीनियर (आउटसोर्सिंग) एवं केके पाण्डेय, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को स्पष्टीकरण पत्र जारी करने के लिए जोन-1 के जोनल अधिकारी को निर्देशित भी किया गया। उक्त समीक्षा बैठक जोनल अधिकारी सिंह गौरव जयप्रकाश, जोनल अधिकारी संजीव कुमार, अवर अभियंता अतुल मिश्रा एवं अवर अभियंता विनोद कुमार सहित भवन लिपिक एवं फील्ड कार्मिक उपस्थित रहे।

**प्रवर्तन संबंधी सौंपे गये कार्यों के प्रति शिथिलता बरतने पर एसोसिएट इंजीनियर (आउट सोर्सिंग) व केके पांडेय को स्पष्टीकरण पत्र जारी करने के लिए निर्देशित**

## न्यायाधीश–दि0 17.10.2024

### अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध की गई ध्वस्तीकरण की कार्यवाही



वाराणसी। उपाध्यक्ष वाविप्रा द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में 16 अक्टूबर को वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी जोन-1 की प्रवर्तन टीम द्वारा 05 बीघा में अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सम्पादित की गयी।इसके तहत वार्ड-शिवपुर, मौजा-जमालपुर के अन्तर्गत अज्ञात प्लाटिंगकर्ता द्वारा में लगभग 05 बीघा में अवैध प्लाटिंग विकसित की जा रही थी। उपरोक्त स्थल पर किये गये अवैध प्लॉटिंग को 16 अक्टूबर को प्रवर्तन टीम एवं पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्त किया गया।इस मौके पर जोनल अधिकारी श्री सिंह गौरव जयप्रकाश, अवर अभियन्ता श्री अतुल मिश्रा, प्रवर्तन दल सहित समस्त सुपरवाइजर व पुलिस बल उपस्थित रहे।उपाध्यक्ष वाविप्रा द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत प्लॉट ही खरीदें तथा मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।

## न्यायाधीश–दि0 17.10.2024

# विधायक नीलकंठ तिवारी द्वारा किया गया सौन्दर्यीकृत पार्क का लोकार्पण



वाराणसी।वाराणसी विकास प्राधिकरण की अवस्थापना मद से स्वीकृत कबीर नगर में जे0आर0एस0 कोचिंग के पीछे स्थित पार्क के सौन्दर्यीकरण जिसमें पाथवे, खेल व ओपन जिम सम्बन्धी उपकरण, सोलर लाइट्स , सबमर्सिबल पम्प, बेंचिंग का कार्य के0एस0 इंटरप्राइजेज द्वारा कराया गया है जिसकी कुल लागत 22 लाख है का लोकार्पण 16 अक्टूबर को शहर दक्षिणी विधायक श्री नीलकंठ तिवारी द्वारा किया गया। इसी प्रकार माँ लक्ष्मी नगर कंचनपुर बी0एल0डब्लू0 मार्ग लेन-03 में सड़क निर्माण जिसमें डके0सी0 ड्रेन तथा इंटरलॉकिंग का कार्य पी0के0 इंटर प्राइजेज द्वारा कराया गया, जिसकी कुल लागत 26 लाख है का लोकार्पण मा0 विधायक रोहनिया श्री सुनिल पटेल एवं एम0एल0सी0 श्री हंशराज विश्वकर्मा द्वारा किया गया।

## न्यायाधीश–दि0 17.10.2024

# वाराणसी विकास प्राधिकरण के अपर सचिव ने की समीक्षा बैठक

वाराणसी। उपाध्यक्ष के निर्देश पर वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी के सभागार कक्ष में अपर सचिव डॉ0 गुडाकेश शर्मा द्वारा जोन-1 एवं जोन-2 की समीक्षा बैठक की गयी, समीक्षा



बैठक के दौरान लम्बित शमन मानचित्रों की प्रकरणवार समीक्षा करते हुए शीघ्र मानचित्र निस्तारण हेतु निर्देश दिया गया। जोन-1 के वार्ड शिवपुर, सिकरौल एवं विन्यास में विगत एक सप्ताह में शमन शुल्क के मद में कुल धनराशि रू0 2,50,000.00 जमा कराया गया है, परन्तु अभी भी कुल 45 बकायेदारों के सापेक्ष कुल रू0 1,86,95,493.00 बकाया है एवं जोन-2, सारनाथ, जैतपुरा, आदमपुर एवं विन्यास में विगत एक सप्ताह में शमन शुल्क के मद में कुल धनराशि रू0-4,70,244.00 जमा कराया गया है, परन्तु अभी भी कुल 83 बकायेदारों के सापेक्ष कुल रू0 4,21,58,241.00 बकाया है, "जिसे विलम्बतम 15 दिवस में जमा कराने हेतु फील्ड स्टॉफ एवं अवर अभियन्ता को निर्देश दिया गया है" "स्वीकृत शमन पत्रावली के सापेक्ष बकाया शमन शुल्क जमा न करने वाले निर्माणकर्ताओं के विरूद्ध प्रभावी प्रवर्तन तथा विधिक कार्यवाही करने के भी जोनल अधिकारी को निर्देश दिया गया। सील प्रकरणों की जाँच एवं बेसमेण्ट खाली कराते हुए पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया है। जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देश दिया गया है एवं सचेत किया गया कि विलम्बतम 01 सप्ताह में जनशिकायतों का प्राथमिकता पर शिकायत सुनिश्चित किया जाय। शहर में हो रहे अनियोजित विकास एवं अवैध प्लाटिंग का चिन्हांकन करते हुए नियमानुसार प्रभावी कार्यवाही/ध्वस्तीकरण सुनिश्चित कराने हेतु निर्देश दिया गया है। साथ ही बैठक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी को सौंपे गये कार्यों के प्रति कोई लापरवाही एवं शिथिलता न बरती जाय अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित के विरूद्ध प्रतिकूल दृष्टिकोण से देखा जायेगा। "इस सम्बन्ध में प्रवर्तन सम्बन्धी सौंपे गये कार्यों के प्रति शिथिलता बरतने पर श्री शिवम श्रीवास्तव, एसोसिएट इंजीनियर (आउटसोर्सिंग) एवं श्री के0के0 पाण्डेय, चपरासी को स्पष्टीकरण पत्र जारी करने हेतु जोन-1 के जोनल अधिकारी को निर्देशित भी किया गया।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 17.10.2024

## जोन-1 एवं जोन-2 की समीक्षा बैठक में अपर सचिव वाविप्रा ने शीघ्र मानचित्र निस्तारण के लिए दिये निर्देश



वाराणसी।उपाध्यक्ष वाविप्रा के निर्देशों के क्रम में 16.अक्टूबर को वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी के सभागार कक्ष में अपर सचिव डॉ0 गुडाकेश शर्मा द्वारा जोन-1 एवं जोन-2 की समीक्षा बैठक की गयी, समीक्षा बैठक के दौरान लम्बित शमन मानचित्रों की प्रकरणवार समीक्षा करते हुए शीघ्र मानचित्र निस्तारण हेतु निर्देश दिया गया। जोन-1 के वार्ड शिवपुर, सिकरौल एवं विन्यास में विगत एक सप्ताह में शमन शुल्क के मद में कुल धनराशि रू0 2,50,000.00 जमा कराया गया है, परन्तु अभी भी कुल 45 बकायेदारों के सापेक्ष कुल रू0 1,86,95,493.00 बकाया है एवं जोन-2, सारनाथ, जैतपुरा, आदमपुर एवं विन्यास में विगत एक सप्ताह में शमन शुल्क के मद में कुल धनराशि रू0-4,70,244.00 जमा कराया गया है, परन्तु अभी भी कुल 83 बकायेदारों के सापेक्ष कुल रू0 4,21,58,241.00 बकाया है, इजिसे विलम्बतम 15 दिवस में जमा कराने हेतु फील्ड स्टॉफ एवं अवर अभियन्ता को निर्देश दिया गया हैइ इस्वीकृत शमन पत्रावली के सापेक्ष बकाया शमन शुल्क जमा न करने वाले निर्माणकर्ताओं के विरूद्ध प्रभावी प्रवर्तन तथा विधिक कार्यवाही करने के भी जोनल अधिकारी को निर्देश दिया गया।इ सील प्रकरणों की जॉच एवं बेसमेण्ट खाली कराते हुए पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया है। जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देश दिया गया है एवं सचेत किया गया कि विलम्बतम 01 सप्ताह में जनशिकायतों का प्राथमिकता पर शिकायत सुनिश्चित किया जाय। शहर में हो रहे अनियोजित विकास एवं अवैध प्लाटिंग का चिन्हांकन करते हुए नियमानुसार प्रभावी कार्यवाही/ध्वस्तीकरण सुनिश्चित कराने हेतु निर्देश दिया गया है। साथ ही बैठक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी को सौंपे गये कार्यो के प्रति कोई लापरवाही एवं शिथिलता न बरती जाय अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित के विरूद्ध प्रतिकूल दृष्टिकोण से देखा जायेगा। इइस सम्बन्ध में प्रवर्तन सम्बन्धी सौपे गये कार्यो के प्रति शिथिलता बरतने पर श्री शिवम श्रीवास्तव, एसोसिएट इंजीनियर (आउटसोर्सिंग) एवं श्री के0के0 पाण्डेय, चपरासी को स्पष्टीकरण पत्र जारी करने हेतु जोन-1 के जोनल अधिकारी को निर्देशित भी किया गया।इ उक्त समीक्षा बैठक जोनल अधिकारी श्री सिंह गौरव जयप्रकाश, जोनल अधिकरी श्री संजीव कुमार, अवर अभियन्ता अतुल मिश्रा एवं अवर अभियन्ता श्री विनोद कुमार सहित भवन लिपिक एवं फील्ड कार्मिक उपस्थित रहे।